Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Cultural Committee

PPU Inter College Cultural Competition

13.02.2024

श्री अरविन्द महिला कॉलेज , पटना के सभागार में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत लोकगीत (एकल एवं समूह), भजन (एकल) एवं शास्त्रीय गायन (एकल) श्रेणियों में 9 महाविद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया. कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि पठन-पाठन के साथ साथ खेल-कूद व गीत-संगीत भी व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक है. इसके आयोजन से विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है तथा इससे विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को भी निखार लाने का अवसर प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हार-जीत की चिंता किये बगैर स्वच्छ और स्वतंत्र माहौल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए. इस अवसर पर छात्र कल्याण संकाय के अध्यक्ष प्रो. ए. के. नाग ने कहा कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय हर वर्ष इस तरह का आयोजन कर सभी विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करती है. कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने किया तथा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सहायता से किया गया.

दैनिक भास्कर पटना 14-02-2024

छात्राओं से कहा-पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक

पटना| पठन-पाठन के साथ-साथ खेल, गीत-संगीत भी आवश्यक है. इसके आयोजन से विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है। इससे विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को भी निखार लाने का अवसर प्राप्त होता है। यह बातें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने कहीं। वह मंगलवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज में 20 तक चलने वाली अंतर महाविद्यालयी सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 के शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे और कहा कि इससे हार-जीत की चिंता किए बगैर स्वच्छ और स्वच्छंद माहौल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

इंटर कॉलेज कंपीटिशन शुरू

PATNA (13 Feb): पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को कुलपति प्रो. आरके सिंह ने श्रीअरविंद महिला कालेज में किया. 20 तक विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. विद्यार्थी हार-जीत की चिंता किए बगैर स्वच्छ एवं स्वच्छंद माहौल में प्रतिभा का प्रदर्शन करें. डीएसडब्ल्यू प्रो. एके नाग ने कहा कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय हर वर्ष आयोजन कर सभी को एक मंच प्रदान करती है.